# सीआईपीएल फाउंडेशन ने टैब और शिक्षण सामग्री वितरित की

August 14, 2020 • संवाददाता • स्थानीय

**सीआईपीएल फाउंडेशन ने टैब और शिक्षण सामग्री वितरित की**




**फाउंडेशन ने गांव के 20 मेधावी कालेज छात्रों को टैबलेट दिया**

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गैर सरकारी संस्था सीआईपीएल फाउंडेशन की ओर से मेधावी छात्रों को टैब और शिक्षण सामग्री दी गई। संस्था के इस काम में ग्राम पंचायत कोटी मयचक थानो ने भी सहयोग किया। ये कार्यक्रम माता बालासुंदरी मंदिर के प्रांगण में किया गया। फाउंडेशन ने गांव के 20 मेधावी कालेज छात्रों को टैबलेट दिया ताकि ये बच्चे कोरोना काल में आन लाइन शिक्षा हासिल करने में पिछड़ ना जायें। इसके अलावा संस्था की ओर से करीब 150 परिवारों को कोरोना किट भी दिए गए जिसमें जूट के बैग में मास्क, सेनेटाइजर, टी-शर्ट, हैंड शाप और डिटाल रखे हुए थे।

इस मौके पर फाउंडेशन के प्रमुख विनोद कुमार ने कहा कि कोरोना काल में संस्था ने अपनी ओर से जागरुकता फैलाते हुए गांव के ऐसे छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को पहचाना है जो जीवन में आगे बढ़ते हुए देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। विनोद कुमार ने कहा कि ऐसी मेधावी प्रतिभा को सम्मान स्वरुप संस्था ने अपनी ओर से टेबलेट प्रदान किया है जो कि उनकी उच्च शिक्षा में आगे काम आ सकेगा। संस्था प्रमुख विनोद कुमार ने कहा कि इतना ही नहीं इन बच्चों को संस्था की ओर से भविष्य में भी मदद की जाती रहेगी।

वहीं कोटी मयचक पंचायत के ग्राम प्रधान रेखा बहुगुणा ने कहा कि संस्था की पहल से हमारे गांव के मेधावी छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने का हौसला मिलेगा।

इस मौके पर सेना से रिटायर्ड लोगों की भी एक टोली आई थी जिन्हें कोरोना किट दिया गया। सीआईपीएल फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने गांव के लोगों के बीच कोरोना से बचने के उपाय बताते हुए प्रधानमंत्री की सीख को

Powered by
Navlekhā